# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

**गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान**

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Internal Quality Assurance Cell, IQAC

**सत्र 2018–19**

आज दिनांक 18–07–2018 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

| **नाम** | **हस्ताक्षर** |
|---|---|
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | विजय राज त्रिवेदी |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | Mona |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | दिनेश सिंघल |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | Smita |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्री गौरव शर्मा | गौरव शर्मा |

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गए –

1. एम.एड., बी.एड., बी.ए.बी.एड.,बी.एससी.बी.एड. तथा डी.एल.एड. कोर्स में प्रवेश लेने वाले नये छात्र–छात्राओं के लिए ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाए।
2. सभी छात्र छात्राओं के लिए ICT की कार्यशाला का आयोजन किया जाए।
3. प्रत्येक वर्ष की भांति महाविद्यालय में हाउस टूर्नामेन्ट, एस.यू.पी.डबल्यू कैम्प तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएं।

Smita गौरव शर्मा दिनेश सिंघल

4. सामाजिक कार्यक्रम यथा वृक्षा रोपण, पर्यावरण उन्नयन, साक्षरता से सम्बन्धित रैली, कैम्प, अतिथि व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाए।
5. पूर्व वर्ष की भांति महाविद्यालय के प्रवक्ताओं के द्वारा चिन्हित स्लो लर्नर के लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन किया जाए ।
6. राज्य सरकार के द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय में प्रतियोगी कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये जिससे छात्र–छात्राएं लाभान्वित हो।
7. महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी /राष्ट्रीय संगोष्ठी /कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए।
8. छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में सम्प्रेषण कौशल, मेडिटेशन, जीवन कौशल, उपभोक्ता जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे सामाजिक व नागरिक कार्यक्रम आयोजित किये जाए।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

Smita

दिनेश सिंघल

# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान

### आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

### Internal Quality Assurance Cell, IQAC

### सत्र 2018–19

आज दिनांक 19–05–2019 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे–

| नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | दिनेश सिंघल |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | Smita |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्री गौरव शर्मा | गौरव शर्मा |

बैठक में सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में किये गये कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा उनकी समीक्षा भी की गई। समन्वयक श्री केशव लाल गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय के सत्र प्रारम्भ में ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में होने वालीं कक्षान्तर्गत एवं कक्षेत्तर गतिविधियों की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा 4 सदनो का गठन किया गया जिसमे सदन प्रभारी, सह प्रभारी एवं शिक्षक प्रभारी का चयन किया गया। दिनांक 27.08.2018 से 07–09–2018 तक प्रशिक्षणार्थियों का सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉयलाग मैथड द्वारा विभिन्न शिक्षण कौशलो का विकास किया गया। सत्र 2018–19 में 10 गेस्ट लेक्चर करवाये गये जिनमे विभिन्न विषय

Smita गौरव शर्मा दिनेश सिंघल

विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया दिनांक 28.07.2018 को नुक्कड नाटक '' सभी पढ़ो सभी बढ़ो'' का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य लिटरेसी अवेयरनेस था। दिनांक 09.08.2018 को ग्रीन इण्डिया कैम्पेन में सार्वजनिक स्थलों पर पौधा रोपण किया गया। सत्र के दौरान 2 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनमें प्रथम कार्यशाला का आयोजन ICT पर दिनांक 17.09.2018 से 19.09.2018 तक हुआ, महाविद्यालय प्रांगण में दिनांक 18.09.2018 को हैल्थ अवेयरनेस एवं मेडिकल चैकअप कैम्प लगाया गया। 02.10.2018 से स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता पखवाडा मनाया गया। महाविद्यालय में 14.11.2018 को ''जेण्डर स्कूल एण्ड सोसाइटी'' पर अतिथि व्याख्यान हुआ। दिनांक 22.11.2018 को राष्ट्रीय एकता के लिए ''रन फोर यूनिटी रैली'' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में दिनांक 27.11.2018 से 30.11.2018 तक अन्तरसदनीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। महाविद्यालय द्वारा दिनांक 11.12.2018 को निर्मल भारत अभियान में '' जल बचाओं'' रैली निकाली गयी। दिनांक 20.12.2018 को कंज्यूमर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अशैक्षणिक कर्मचारियों के लिए दिनांक 05.03.2019 को '' कम्प्यूटर का उपयोग करना सीखना'' कार्यक्रम रखा गया। महाविद्यालय में द्वितीय कार्यशाला जो '' शोध प्रपत्र लेखन'' से सम्बन्धित थीं जिसका आयोजन 06.03.2019 से 07.03.2019 तक हुआ।

सत्र 2018–19 में दिनांक 10–11 मार्च 2019 में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयेजन किया गया जिसका विषय ''शिक्षक शिक्षा का पुनरूत्थान'' था, संगोष्ठी की मुख्य अतिथि प्रो. नीलिमा सिंह, कुलपति, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा रही तथा संगोष्ठी की अध्यक्षता एन.सी.टी.ई. के उपाध्यक्ष प्रो. आर.एस. खान द्वारा की गई एवं संगोष्ठी में प्रतिभागियों के अतिरिक्त कई जाने माने शिक्षविद् उपस्थित रहे। इसी प्रकार दिनांक 08.03.2019 से 09.03.2019 तक सांस्कृतिक गतिविधियां तथा दिनांक 10.04.2019 से 12.04.2019 तक एस.यू. पी.डबल्यू. कैम्प का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार दिया गया।

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा इन्टर्नशिप विद्यालयों में सामुदायिक सम्पर्क कार्यक्रम, महिला साक्षरता, नशामुक्ति, तथा स्वास्थ्य से सम्बन्धित कार्यक्रम चलाये गए तथा स्थानीय निवासियों से चर्चा की गई महाविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा प्रतियोगी कक्षाओं का आयोजन किया गया । छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में उपभोक्ता जागृति, योगा कैम्प, मेडिटेशन कैम्प, स्वास्थ्य, लिटरेसी अवेयरनेस हेतु अतिथि व्याख्यान तथा कैम्प आयोजित किये गये। समस्त अकादमिक कार्यो का सम्पादन वार्षिक कैलेडर के अनुसार किया गया।

IQAC समिति के द्वारा समस्त समितियों से उनके कार्य की रिपोर्ट प्राप्त करके महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर लिया है, जो अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इस प्रतिवेदन को प्राचार्य को सुपुर्द किया जाना है जिससे शिक्षा समिति को भेजा जा सके।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

# Bhagwati Shikshak Prashikshan Mahavidyalaya

Gangapur City, Dist.-Sawai Madhopur, Rajasthan

| | 13 Plan of Action Chalked out by IQAC for the year 2018-19 | |
|---|---|---|
| | **Plan of Action** | **Achievements** |
| 1 | Induction programme for newly admitted students to be conducted to provide information about the institution and activities being organized | Induction programme organized. |
| 2 | To develop ICT skill three days workshop to be arranged for newly admitted student teachers. They may learn about the proper utilization and techniques to use latest audio-visual aids. | Organized successfully |
| 4 | House tournament be organized through four houses during the session | Cultural and sports activities organized successfully. |
| 5 | To inculcate social responsibility in student teachers socially useful welfare programmes like rallies, camps, guest lectures be planned to be organized | Rallies, camps and guest lectures organized successfully. |
| 6 | Motivation be given to the faculty members to participate in seminars and student teachers to actively participate in all co-curricular, social activities organized by the institution | Faculty members participated in seminars and student teachers actively participated in co-curricular activities through their respective houses and in social activities organized by the institution. |
| 7 | Remedial classes for identified slow learners to be organized. | Organized remedial classes successfully. |
| 8 | Plantation Programme to be organized in the nearby village | Plantation Programme organized in the nearby village |
| 9 | Student teachers of the institution be extended facility of coaching for Patwar, Gram sevak and lab assistant exam. | Conducted successfully |
| 10 | Medical camp for the student teachers be arranged for general check-up. | Organized successfully. Blood group, height and weight was checked up. |

Smita